# कार्यालय जिलाधिकारी मेरठ
## (भूलेख अनुभाग)

पत्रांक 125 /सात--डी0एल0आर0सी0--2011--12 दिनांक 11 --11--2011

विषय-- तलपट मानचित्र संख्या 1038/11 पर आपत्ति/अनापत्ति के सम्बन्ध में ।

मुख्य नगर नियोजक
मेरठ विकास प्राधिकरण
मेरठ

कृपया उर्पयुक्त विषयक अपने पत्र संख्या 2055/मानचित्र--अनु0(जोन --ए) 2011 दिनांक 29--9--2011 का सन्दर्भ ग्रहण करे, जिसके द्वारा मैर्सस गुरू जी फ्लोरी कल्चर प्रा0लि0 की ओर से श्री अवनीश कुमार गोयल व मै0 सोनिया मोटर फाइनेंस प्रा0लि0 की ओर से श्री उमेश गर्ग द्वारा ग्राम नूर नगर परगना व तहसील मेरठ व जिनला मेरठ के भूमि खसरा संख्या 49 क्षेत्रफल 6700 वर्ग मीटर भूमि के मध्य ग्राम समाज, सींलिग भूमि अथवा अन्य कोई सरकारी भूमि सम्मलित है अथवा नही के सम्बन्ध में मानचित्र पर आपत्ति /अनापत्ति प्रस्तुत करने की अपेक्षा की गई हैं।

इस सम्बन्ध मे उपजिलाधिकारी मेरठ से आख्या प्राप्त की गई। उपजिलाधिकारी मेरठ ने अपनी जॉच आख्या दिनांक 1--11--2011 प्रस्तुत कर अवगत कराया है कि ग्राम नूर नगर परगना व तहसील जिला मेरठ के खाता संख्या 275 के खसरा संख्या 49 मि0 क्षेत्रफल 0.252 है0 अर्थात 2520 वर्ग मीटर पर मैर्सस गुरू जी फ्लोरी कल्चर प्रा0लि0 3--ई0/215 सैक्टर--3 माधवपुरम द्वारा डायरेक्टर श्री अवनीश कुमार गोयल पुत्र श्री कैलाश चन्द्र निवासी 35/215 माधवपुरम मेरठ व खसरा न0 49 मि0 क्षेत्रफल 0.418 है0 अर्थात 4180 वर्ग मीटर भूमि पर मै0 सोनिया मोटर फाइनेंस प्रा0लि0 ग्रीनपार्क नई दिल्ली द्वारा डायरेक्टर श्री उमेश गर्ग पुत्र स्व0 त्रिलोकी प्रसाद गर्ग निवासी बी--68 नील की गली मेरठ का नाम बतौर संकमणीय भूमिधर अंकित है । कुल भूमि 6700 वर्ग मीटर है । सलंग्नक तलपट मानचित्र में खसरा न0 49 मि0 क्षेत्रफल 0.6700 है0 में कोई सरकारी/रूलर सीलिंग /अन्य सरकारी भूमि सम्मलित नही है ।

अतः उपरोक्त स्थिति में उपजिलाधिकारी मेरठ की जॉच आख्या दिनांक 1--11--2011 के अनुसार सलंग्न तलपट मानचित्र के अनुसार ग्राम ग्राम नूर नगर तहसील मेरठ के भूमि खसरा संख्या 49 मि0 क्षेत्रफल 6700 वर्ग मीटर में कोई रूलर सीलिंग/अन्य सरकारी भूमि सम्मलित नही है, पर जिला प्रशासन को कोई आपत्ति नही है । उपजिलाधिकारी मेरठ की आख्या दिनांक 1--11--2011 की छाया प्रति सलंग्न कर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है ।

सलंग्न उपरोक्तानुसार

(दिनेश चन्द्र)
अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)
मेरठ

Pearl Infrasolutions Pvt. Ltd.
Director

उपजिलाधिकारी,
मेरठ।

सेवा में- अपर जिलाधिकारी(प्रशासन)
मेरठ।

दिनांक 01.11.2011

पत्रांक 1625 /एस0टी0--2011

महोदय,

कृपया मुख्य नगर नियोजक,मेरठ विकास प्राधिकरण मेरठ के पत्र संख्या 1185/मा0अनु0/जोन-डी-मयंक/11 मा0स0 1038/11 दिनाक 14.7.2011 पर पारित अपने पृष्ठांकन संख्या 847 दिनांक 19.7.2011 जो कि सीधे तहसीलदार मेरठ को सम्बोधित है तथा जो मानचित्र संख्या-1038/11 पर आपत्ति/अनापत्ति के सम्बन्ध में है,का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

उपरोक्त के सम्बन्ध में तहसीलदार मेरठ से आख्या प्राप्त की गई जिसके अनुसार प्रार्थी द्वारा पत्रांक 1185 में केवल मै0गुरूजी फलोरी कल्चर प्रा0लि0के नाम के सम्बन्ध में उल्लेख किया गया था। जिस कारण से केवल गुरूजी फलोरी कल्चर की भूमि का उल्लेख किया गया था। चूकि अब अनुस्मारक पत्र में प्रार्थी द्वारा मै0सोनिया मोटर फाइनैंस प्रा0लि0 का भी उल्लेख किया गया है। इस प्रकार ग्राम नूरनगर परगना तहसील व जिला मेरठ की हाल खतौनी के खाता संख्या-275 खसरा न049मि0 क्षेत्रफल 2.592 है0लगान 70.60पै0 में से 0.252 है अर्थात 2520 वर्गमीटर भूमि पर मै0गुरूजी फलोरी कल्चर प्रा0लि0 3-ई0/215 सैक्टर -3 माधवपुरम द्वारा डायरेक्टर अवनीश कुमार गोयल पुत्र कैलाशचन्द निवासी 35/215 माधवपुरम मेरठ व ख0न049मि0क्षेत्रफल 2.592है0 में से 0.418है0 अर्थात 4180 वर्गमीटर भूमि पर मैसर्स सोनिया मोटर फाइनैंस प्रा0लि0ग्रीनपार्क नई दिल्ली द्वारा डायरेक्टर उमेश गर्ग पुत्र स्व0त्रिलोकी प्रसाद गर्ग नि0- 68 नील की गली मेरठ को नाम बतौर संक्रमणीय भूमिधर के रूप में दर्ज है। कुल भूमि 6700 वर्गमीटर है।

अनापत्ति दिये जाने की आख्या महोदय की सेवा में प्रेषित है।

संलग्नक: उपरोक्तानुसार।

(हस्ताक्षर) 1/11/11
(अरविन्द कुमार मिश्र)
उपजिलाधिकारी,मेरठ।

1437
DLRC

अपर कलक्टर/अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्र0)
मेरठ।
01.11.11

Pearl Infrasolutions Pvt. Ltd.
Director